हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार 6 मार्च 2026

11 बोलेरो कैंपर गाड़ी की टक्कर से एक युवक की मौत



12 बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



## खबर संक्षेप

### पेट्रोल पंप के ऑफिस का ताला तोड़कर चुराए 1 लाख 11 हजार रुपये



**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सिलाना स्थित एक पेट्रोल पंप से ऑफिस के बाहर का ताला तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। गुरुग्राम के तिगरा गांव निवासी मिंदर पुत्र ज्ञानचंद ने बताया कि उसने सिलाना गांव में जून फिलिंग स्टेशन नाम से एक पेट्रोल पंप खोल रखा है। बुधवार को जब वह घर पर था तो पंप के मैनेजर कृष्ण ने फोन पर चोरी की सूचना दी। गल्ले से करीब एक लाख ग्यारह हजार रुपये की राशि चोरी हो चुकी थी। मिंदर के अनुसार जब सीसीटीवी फुटेज चेक की गई तो सुबह करीब साढ़े चार बजे एक व्यक्ति चोरी करता हुआ दिखाई देता है।

### वैश्य महिला बीएड कॉलेज में रक्तदान शिविर 8 को

**बहादुरगढ़।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर रविवार 8 मार्च को रेडक्रॉस सोसायटी व नागरिक अस्पातल झज्जर के सहयोग से लाइनपार स्थित वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैंप की संयोजिका प्रिंसिपल डॉ. आशा शर्मा व गीता डिरोलिया जांगड़ा ने बताया कि मानवता व प्राकृतिक पर्यावरण संस्था के सहयोग कैंप में रक्त संचय किया जाएगा।

## आंबेडकर स्टेडियम के निकट कई दिन से मृत पशुओं से उठ रही दुर्गंध

# नंदीशाला में मृत पशुओं का समय पर निपटान नहीं, लोगों ने किया हंगामा

**लोगों की शिकायत पर एसडीएम ने किया नंदीशाला का दौरा, रिपोर्ट तलब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में आंबेडकर स्टेडियम के निकट संचालित नंदीशाला में मृत पशुओं के शव पड़े रहने से बुधवार शाम को पूरे इलाके में तेज दुर्गंध फैल गई। जिससे आसपास रहने वाले लोग भड़क गए। एक अधिवक्ता ने वीडियो बनाकर उच्च अधिकारियों के साथ ही इंटरनेट पर डाल दिया। बदबू से परेशान होकर आसपास की कॉलोनियों के नागरिक एकत्र होकर वीरवार सुबह नंदीशाला पहुंचे और वहां पहुंचकर उन्होंने कड़ा विरोध जताया।

एसडीएम अभिनव सिवाच ने भी शिकायत का संज्ञान लेते हुए मौके का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है। अधिवक्ता रविंद्र कुमार ने बताया कि जब वे मौके पर पहुंचे तो वहां का दृश्य बेहद चिंताजनक था। उनके अनुसार परिसर में कई दिन पुराना एक नंदी का शव खुला पड़ा हुआ था। इसके अलावा एक गड्ढे में कई कुत्तों और गोवंश के शवों का ढेर लगा हुआ था, जिससे तेज दुर्गंध फैल रही थी। उन्होंने पूरे मामले की वीडियो बनाकर संबंधित उच्च अधिकारियों को भेजी। साथ ही यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी साझा की गई, जिसके बाद यह तेजी से वायरल हो गई। बसंत विहार निवासी जयश्री, वैष्णवी, मीना, मुकेश, विक्की, सरोज, सुदेश, स्नेहलता, सीमा देवी, पूनम, प्रतीक, सोमबीर, श्रीभगवान, शीला, अंगूरी, प्रीति, नरेश व चांदवीर आदि ने बताया कि इस स्थिति के कारण आसपास के घरों में रहना मुश्किल हो गया है और बच्चों व बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडराने लगा है। वीरवार सुबह भी महिलाएं इस समस्या को लेकर काफी आक्रोशित नजर आईं। कॉलोनी की महिलाएं एकत्र होकर फिर से नंदीशाला पहुंचीं और वहां पहुंचकर विरोध जताया। महिलाओं का कहना था कि पिछले कई दिनों से बदबू के कारण घरों में रहना मुश्किल हो गया है। शिकायत के बाद प्रशासन का ध्यान इस ओर गया। एसडीएम अभिनव सिवाच मौके पर पहुंचे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जिस भूमि पर यह नंदीशाला बनी हुई है, उसका उपयोग खेल गतिविधियों के लिए किया जाना चाहिए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे प्रशासन के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। एसडीएम अभिनव सिवाच ने बताया कि नंदीशाला का निरीक्षण करने के साथ ही संबंधित अधिकारियों से पूरी जानकारी ली है। उन्होंने मृत पशुओं के निस्तारण की प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।



**बहादुरगढ़।** नंदीशाला के संचालकों के समक्ष विरोध जताती महिलाएं।



**बहादुरगढ़।** मौके पर एसडीएम को पूरे मामले की जानकारी देती महिलाएं।

### शवों के सड़ने से फैली हुई थी बदबू : यादव



पार्षद रमन यादव के अनुसार बुधवार शाम को नंदीशाला परिसर से मृत शवों की दुर्गंध आ रही थी। कॉलोनी के नागरिक अंदर गए तो कई दिनों से मृत पशुओं के शव पड़े हुए थे, लेकिन उनकी समय पर अंत्येष्टि नहीं की गई। तेज धूप और गर्मी के कारण शव सड़ने लगे, जिससे पूरे क्षेत्र में असहनीय बदबू फैल गई।

### घनी आबादी में नंदीशाला सही नहीं : भूपेंद्र



पार्षद प्रीति राठी के पति भूपेंद्र राठी ने बताया कि नंदीशाला का वर्तमान स्थान उचित नहीं है। घनी आबादी के बीच नंदीशाला का संचालन करना उचित नहीं है। यहां खुले में घूमने वाले नंदियों के कारण हादसों की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा मृत गोवंश के शवों से उठने वाली दुर्गंध के कारण आसपास रहने वाले लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है।

### होली की छुट्टी पर थे कर्मचारी : राठी



नंदीशाला का संचालन कर रही गोधन सेवा समिति के प्रधान रमेश राठी ने इस पूरे मामले में अपनी सफाई देते हुए कहा कि हाल ही में होली और फाग के अवकाश के कारण कर्मचारियों की कमी रही, जिसके चलते मृत पशुओं के शवों की समय पर अंत्येष्टि नहीं हो पाई। जैसे ही मामला उनके संज्ञान में आया, शवों के निस्तारण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गोधन सेवा समिति के पदाधिकारी कृष्ण चावला ने बताया कि यहां गंभीर रूप से घायल अथवा बीमार पशु उपचार के लिए आते हैं। इनमें से अनेक दम तोड़ देते हैं। समिति उनका विधि अनुसार अंतिम संस्कार करती है। इस व्यवस्था का और बेहतर प्रबंधन किया जाएगा।

## एडवोकेट देवराज की हत्या के विरोध में झज्जर और बहादुरगढ़ बार एसो. ने रखा वर्क सस्पेंड





**झज्जर।** बुधवार देर रात शहर के छारा चुंगी क्षेत्र में वकील देवराज चाहार पुत्र जगत सिंह चाहार की गला काटकर हत्या कर दी गई। हत्यारोपी हिमांशु उन्हें केस दिलवाने के बहाने घर से बुलाकर ले गया था। एसीपी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। प्रयास है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, अधिवक्ता की हत्या के कारण गुस्साई झज्जर व बहादुरगढ़ बार एसोसिएशन ने वर्क सस्पेंड कर अपना विरोध जताया और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। जानकारी के अनुसार, देवराज झज्जर के सिलानी गांव के रहने वाले थे। वह शहर के माता गेट मोहल्ले में पत्नी स्वीटी, बेटे शौर्य, ससुर प्रकाश और साले के साथ किराए के मकान में रहते थे। वे झज्जर कोर्ट में कई वर्षों से प्रैक्टिस कर रहे थे। बताया जा रहा है कि मृतक वकील देवराज ने करीब एक साल पहले गुभाना की स्वीटी से शादी की थी। स्वीटी की यह दूसरी शादी थी और उसके पहले पति से एक बेटा भी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में 11वीं कक्षा की दो छात्राएं लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

लाइनपार और सेक्टर-6 थाना क्षेत्र की कॉलोनियों की रहने वाली दो छात्राएं संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई हैं। दोनों छात्राएं शहर के एक सरकारी स्कूल में कक्षा 11वीं की छात्रा हैं। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है, वहीं पुलिस की भी कई टीमें भागदौड़ कर रही हैं। देर रात तक छात्राओं का सुराग नहीं लग पाया है। जानकारी के अनुसार, वीरवार को दोनों छात्राएं स्कूल से एक साथ निकली थीं, लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुंचीं। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई। उन्होंने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन दोनों छात्राओं का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद एक छात्रा के परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी और छात्राओं की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित कर दीं। मामले की जांच में चार टीमें लगी हैं। टीमें आसपास के इलाकों में पूछताछ करने के साथ-साथ विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही हैं, ताकि छात्राओं की लोकेशन का पता लगाया जा सके।

## फिरौती के लिए स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने बरानी गांव से बच्चे को उठाया

# नर्सिंग कॉलेज संचालक के 8 वर्षीय बेटे का अपहरण, 8 घंटे बाद रोहतक से बरामद

- आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने 12 टीमों का गठन कर बदमाशों को ट्रेस किया
- आरोपियों की हो चुकी है पहचान, आज हो सकता है पूरे मामले का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बुधवार को दुल्हेंडी पर्व के दिन गांव बरानी में उस समय सनसनी फैल गई, जब स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने बीडीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संचालक के आठ वर्षीय बच्चे का अपहरण कर लिया।

बाद में परिजनों द्वारा सूचना पुलिस को दी गई। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए जांच शुरू की। पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया और पुलिस टीम द्वारा करीब 8 घंटे बाद देर सायं रोहतक आईएमटी क्षेत्र से बालक को सकुशल बरामद कर लिया गया। इसके चलते पुलिस और परिजनों ने राहत की सांस ली। सूत्रों के अनुसार इस दौरान अपहरणकर्ताओं ने मासूम बालक हुनरजीत के पिता अमरजीत से फिरौती भी मांगी और सूचना पुलिस को न देने की भी बात कही। डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने देर सायं मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि बालक को सकुशल बरामद कर लिया गया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए करीब 12 टीमों का गठन किया गया था। जल्द ही आरोपियों को भी पकड़ लिया जाएगा।

### गुलाल लेने के लिए घर से निकला था

जानकारी के अनुसार मासूम हुनरजीत सुबह करीब 11 बजे गुलाल लेने के लिए गया था। इसी दौरान एक स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार बदमाशों ने बच्चे का अपहरण कर लिया। शोर मचने पर ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन आरोपी फरार हो गए। मामले को लेकर परिजनों ने पुलिस कमिश्नर से भी मुलाकात की। इसके अलावा वारदात के बाद परिजनों व उनके परिचितों ने बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए सोशल मीडिया पर भी मैसेज वायरल किए और मदद की अपील की।

### आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करेंगे : डीसीपी



डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने बताया कि बच्चे को रिकवर करने के बाद उसकी मेडिकल जांच कराई गई और फिर उसे परिजनों के हवाले कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस सफल ऑपरेशन में परिवार का भी पूरा सहयोग रहा। पुलिस ने इस घिनौने अपराध को अंजाम देने वाले बदमाशों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

### होली खेलने के बाद माइनर पर गया युवक डूबा

**बहादुरगढ़।** रोहद से गुजर रही एनसीआर माइनर में एक प्रवासी युवक डूब गया। पुलिस व गोताखोर टीम माइनर में सर्च अभियान चला रही हैं। लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद भी शव बरामद नहीं हो सका है।

घटना बुधवार शाम की है। बिहार मूल का करीब 18 वर्षीय चंदन रोहद में रहता है और वहीं पर स्थित एक प्लाईवुड कंपनी में काम करता है। जानकारी के अनुसार, बुधवार की शाम को उसने अपने दोस्तों के साथ दुल्हेंडी के मौके पर पार्टी की। फिर नहाने के लिए एनसीआर माइनर पर चला गया। चर्चा है कि वह नशे की हालत में था और नहाते वक्त उसका पांव फिसल गया। माइनर की गहराई और पानी का बहाव तेज होने के कारण वह संभल नहीं सका और डूबता चला गया। नजदीक मौजूद उसके साथियों ने शोर मचाया। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और सर्च अभियान शुरू कराया लेकिन चंदन नहीं मिला।




## तैयारी: एसडीएम ने माता भीमेश्वरी देवी मंदिर परिसर का लिया जायजा

# बेरी मेले में स्वच्छता और पार्किंग की व्यवस्था के एसडीएम ने दिए निर्देश

- दूबलधन चौक के समीप 24 से 26 मार्च तक अश्व मेला आयोजित होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र मेला को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी आरंभ हो चुकी है। एसडीएम एवं माता भीमेश्वरी देवी श्राइन बोर्ड की सीईओ रेणुका नांदल ने वीरवार को चैत्र नवरात्र मेला की तैयारियों की समीक्षा की। इसके उपरांत उन्होंने अधिकारियों के साथ मंदिर परिसर का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देवी मेले के दौरान बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को सभी जरूरी सुविधाएं प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने मेला परिसर का जायजा लेते हुए मेले में रिकवरी वैन, हेल्थ सेंटर, फायर ब्रिगेड, वाटर टैंकर, स्वच्छता, रेडक्रास वॉलंटियर, चढ़ावे व प्रसाद की व्यवस्था, पार्किंग सुविधा को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस बार देवी मेले के साथ ही दूबलधन चौक के समीप 24 से 26 मार्च तक अश्व मेला आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए अभी से तैयारी पूरी कर ली जाएं।



**झज्जर।** मेले की तैयारियों को लेकर मंदिर परिसर का जायजा लेते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।



# यमी पेस्ट्री इंट्रेस्टिंग जर्नी



बच्चो, केक के छोटे भाई जैसा दिखने वाले पेस्ट्री का टेस्ट बहुत यमी लगता है न! इसीलिए तो घर या स्कूल में अपने फ्रेंड्स को कोई ट्रीट देनी हो या छोटी-सी भूख लगी हो तो सबसे पहले पेस्ट्री खाने का ही मन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो, इसे सबसे पहले कब, कहां बनाया गया? फिर इसमें कैसे-कैसे बदलाव हुए? जानो, पेस्ट्री की इंट्रेस्टिंग जर्नी के बारे में।

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, पेस्ट्री तो तुम अकसर खाते ही होगे। बाजार में मिलने वाली पेस्ट्रीज, केक का ही छोटा रूप होता है। तुम इसे मिनी केक या केक पीस भी कह सकते हो। तुम्हें यह जानकर हैरानी होगी कि पेस्ट्री कोई नई डिश नहीं है। दुनिया के कई देशों में सदियों से लोगों की फेवरेट डिश रही है। हालांकि पुराने दौर में इसे बनाने का तरीका और इसकी सामग्री अलग हुआ करती थी। प्राचीन मिस्त्र (अब इजिप्ट), यूनान (अब ग्रीस) और इटली के लोग भी पेस्ट्री खूब पसंद करते थे। माना जाता है कि सबसे पहले मिस्त्र के निवासियों को ही पेस्ट्री बनाने का आइडिया आया था। तब इसे 'बकलावा' या 'फिलो' कहा जाता था। उस जमाने में इसे अनाज के आटे में शहद, फल और मसाले मिलाकर बनाया जाता था।



### ऐसे बनी पहली मॉडर्न पेस्ट्री

मॉडर्न पेस्ट्री को बनाने की शुरुआत 14वीं शताब्दी के आस-पास हुई थी। उसी समय पहली बार 'कुक बुक्स' में इसकी विधि प्रकाशित हुई थी। इसके बाद से अलग-अलग ढंग की पेस्ट्री बनाने की विधि पूरे यूरोप और फिर पूरी दुनिया में फैली। इसके बाद से पेस्ट्री बनाने की विधि और इसकी सामग्रियों में बदलाव किए जाते रहे।

### बहुत बदल गई पेस्ट्री

पिछली कुछ सदियों में पेस्ट्री के रूप-रंग और इसके टेस्ट में बहुत बदलाव आया है। शुरुआत से लेकर आज तक, पेस्ट्री बनाने की कला में बहुत विकास हुआ है। अब तो नई विधि, अनेक प्रकार की सामग्रियों और आधुनिक उपकरणों की सहायता से एक से बढ़कर एक अट्रैक्टिव शेप-कलर और टेस्टी पेस्ट्री बनाई जाने लगी हैं।

### बिना चीनी के बनती थी पेस्ट्री

बच्चो, पेस्ट्री में अगर मिठास न हो, तो यह एकदम फीकी लगेगी न! लेकिन तुमको जानकर अचरज होगा कि पुराने समय में बनने वाली पेस्ट्री, आज की तरह मीठी नहीं हुआ करती थी, क्योंकि तब इसमें सफेद चीनी का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाता था। उस समय लोग आमतौर पर शहद या फलों से प्राप्त होने वाली मिठास (जैसे अंगूर से बनने वाली शक्कर आदि) का इस्तेमाल पेस्ट्री को मीठा बनाने के लिए करते थे।





### स्वाद में हुए कई बदलाव

मध्य युग के दौरान अरब देश के वासियों के साथ शेष विश्व का संपर्क शुरू हुआ। इसका प्रभाव उनकी जीवनशैली और खान-पान में भी दिखने लगा। कई व्यंजनों में नई तरह की सामग्रियों को शामिल किया जाने लगा। पेस्ट्री भी इससे अछूती नहीं रही। आज पेस्ट्री बनाने में केसर, अदरक, लौंग जैसे मसाले और बादाम, पाइन नट जैसे मेवे इस्तेमाल किए जाते हैं, यह अरब वासियों की ही देन है।

### तरह-तरह की पेस्ट्री

आज दुनिया भर में पेस्ट्री कई तरह से बनाई जाती है। कुछ बेकर्स, पेस्ट्री में पनीर और मीट भरते हैं। कुछ मेकर्स पेस्ट्री को फलों के पेस्ट से कवर कर देते हैं। भूमध्यसागरीय क्षेत्र के देशों से लेकर यूरोपीय, एशियाई, दक्षिण अमेरिकी देशों में भी पेस्ट्री की ढेरों वैरायटीज मिलती हैं। प्राचीन मिस्त्रवासी साधारण शहद से बनी पेस्ट्री को खाते थे। क्रोइसेंट, डेनिश और स्ट्रूडल जैसी पफ पेस्ट्रीज को सॉफ्ट बनाने के लिए आटे की कागज जैसी पतली परतों का उपयोग किया जाता है, फिर इसे स्टीम में पकाया जाता है। क्रोइसेंट पेस्ट्री मूलतः ऑस्ट्रिया में बनाई गई, जो बाद में फ्रांस पहुंची और वहां आज भी खूब पसंद की जाती है। डेनिश पेस्ट्री वास्तव में एक फ्रांसीसी आविष्कार है, जो अब दुनिया के कई देशों में बनाई जाने लगी है। *




### दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री

**दुनिया की** सबसे बड़ी पेस्ट्री स्पेन की मंटेकाडोस ला मुराला बेकरी कंपनी द्वारा वर्ष 2013 में बनाई गई थी। यह पेस्ट्री 16.25 फीट लंबी, 7.87 फीट चौड़ी थी और इसका वजन 660 पाउंड था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में इसका नाम दर्ज है। पेस्ट्री की एक साथ सबसे अधिक संख्या में सर्विस किए जाने का रिकॉर्ड हंगरी देश के बुडापेस्ट में एक कार्यक्रम के दौरान हासिल किया गया था। वहां गेस्ट्स को 10,000 से अधिक पेस्ट्री परोसी गई थीं।

जानकारी / नयनतारा



## 12 राज्यों से होकर गुजरती है
# हिमसागर एक्सप्रेस

बच्चो, तुम सभी ने कभी न कभी ट्रेन की जर्नी जरूर की होगी। लंबी जर्नी के दौरान ट्रेन कई स्टेशनों, शहरों और कई बार तो कई राज्यों से होकर गुजरती है। जानो एक ऐसी ट्रेन के बारे में, जो भारत के सबसे अधिक राज्यों से होकर गुजरती है।




बच्चो, भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है। यूएसए, चीन और रूस ही रेलवे नेटवर्क के मामले में भारत से आगे हैं। भारत में कुल 22,593 ट्रेन हैं, जिनमें से 13,000 से अधिक यात्री ट्रेन हैं, जो रोजाना चलती हैं। कई सारी ऐसी ट्रेनें भी अपने देश में चलती हैं, जो कुछ खास विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं। ऐसी ही एक ट्रेन है हिमसागर एक्सप्रेस।

**गुजरती है 12 राज्यों से:** हिमसागर एक्सप्रेस भारत की एक ऐसी ट्रेन है, जो 12 राज्यों से होकर गुजरती है। यह एक साप्ताहिक ट्रेन है, जो जम्मू-कश्मीर के श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से रवाना होकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक पहुंचती है। इस दौरान यह ट्रेन जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु, इन 12 राज्यों से होकर गुजरती है और 66 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रुकती है। लगभग 73 घंटे में यह ट्रेन 3,791 किमी की दूरी तय करती है।

**नहीं तय करती है सबसे लंबी दूरी:** बच्चो, हिमसागर एक्सप्रेस के बारे में पढ़कर तुम्हें लग रहा होगा कि यह भारत में सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन होगी! लेकिन ऐसा नहीं है। हिमसागर एक्सप्रेस देश की तीसरी और दुनिया की 35वीं सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन है। भारत की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली यात्री ट्रेन विवेक एक्सप्रेस है, जो डिब्रूगढ़ (असम) से कन्याकुमारी के बीच कुल 4153 किमी. का सफर तय करती है। यह ट्रेन 9 राज्यों से होकर गुजरती है। इस तरह अधिक दूरी तय करने के बावजूद विवेक एक्सप्रेस, हिमसागर एक्सप्रेस से कम राज्यों से होकर गुजरती है।

कभी तुम्हें मौका मिले तो अपने पैरेंट्स के साथ इस ट्रेन में सफर करना। यह अमेजिंग जर्नी तुम कभी नहीं भूल पाओगे। *

कविता / दिशा ग्रोवर

# आओ घूमें गोल-गोल

धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
आओ बच्चों सब मिलकर
हम भी घूमें गोल-गोल।
हम जो घूमें गोल-गोल
सर भी घूमा गोल-गोल।
संभलो-संभलो देखो तो
हुए-हुए हम रोल-पोल।

चक्कर खाके गोल-गोल।
छोटू-मुन्नू गोल-गोल।
हंसते-हंसते बोले फिर,
घूमेंगे हम गोल-गोल।
धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
कभी न गिरते वे देखो
ऐसे घूमें गोल-गोल।





एआई इमेज



कहानी
सरस्वती रमेश

अपने नए स्मार्ट फोन के फीचर्स सीखने के लिए दादा जी बार-बार शिवम को बुलाते। इससे शिवम खीझने लगा। शिवम के पापा ने उसे दादा जी से खीझते हुए देख लिया। उन्होंने शिवम को कुछ ऐसी बात बताई, जिसके बारे में जानकर उसे अपने व्यवहार पर पछतावा हुआ। वो बात आखिर क्या थी?

# सॉरी दादा जी!



एआई इमेज

शिवम सिक्स्थ क्लास में पढ़ता है। पढ़ाई में तो वह बहुत तेज है ही, लैपटॉप और मोबाइल के ढेर सारे फीचर्स भी जानता है। हाल ही में शिवम के पापा ने उसके दादा जी को एक स्मार्ट फोन दिलाया है। मोबाइल ऑपरेट करने के बारे में कई बातें उन्हें समझा भी दी हैं। जैसे कॉल रिसीव करना, किसी को कॉल लगाना, मैसेज भेजना, फोटो खींचना, और भी बहुत कुछ। मगर दादा जी की अंगुलियां अकसर गलत एप पर टच हो जाती हैं। पापा जी और मम्मी जी तो दिन में ऑफिस चले जाते हैं। फिर दादा जी की मुश्किल कैसे हल हो? दादा जी आवाज लगाते, 'बेटा शिवम, जरा देखना तो यह क्या हो गया मेरे फोन में?'

'जी दादा जी, अभी देखता हूं।' शिवम पलक झपकते ही दादाजी की प्रॉब्लम सॉल्व करते हुए कहता, 'क्या दादा जी आपको इतना भी नहीं पता?'

कभी-कभी दादा जी शिवम की बातों पर झेंप जाते। लेकिन फिर सोचते, 'ठीक ही तो कह रहा है। सिर्फ अंगुली ही तो टीपनी, सरकानी है। वो भी मुझे नहीं समझ आता है।'

एक दिन दादा जी मोबाइल में कुछ देख रहे थे। अचानक उन्हें याद आया, आज तो बीस जनवरी है। मुनमुन का जन्मदिन! मुनमुन उनकी बेटी हैं। वह लखनऊ में रहती हैं। उन्होंने सोचा क्यों न उसे वीडियो कॉल करके जन्मदिन की बधाई दे दी जाए। दादा जी ने बड़े उत्साह से फोन उठाया। स्क्रीन का लॉक खोला। मगर ये क्या क्लिक हो गया। स्क्रीन पर एक रोबोटनुमा आदमी का वीडियो सामने आया। वह बंदूक से ताबड़तोड़ फायर करने लगा। फायरिंग की आवाज इतनी तेज थी कि वे घबराने लगे। उन्होंने फौरन शिवम को आवाज लगाई। शिवम दौड़ता हुआ आया और मोबाइल की तरफ देखते हुए बोला, 'अरे दादा जी, आपने वीडियो गेम ऑन कर दिया है। हमेशा गलत आइकन टच कर देते हैं। फिर मुझे बुलाते हैं।' शिवम की आवाज में खीझ साफ झलक रही थी। असल में उसे दादा जी को बार-बार एक ही चीज समझाने का मन नहीं करता था।

'बेटा, मैं तुम्हारी बुआ को वीडियो कॉल कर रहा था।' दादा जी ने सकुचाते हुए कहा।

शिवम ने एक सेकेंड में बुआजी को वीडियो कॉल लगाकर दादाजी को फोन पकड़ा दिया। मगर उसकी बातों और उसके व्यवहार से दादा जी का बात करने का सारा उत्साह ठंडा हो गया था।

शिवम दादा जी को फोन पकड़ा कर अपने कमरे में चला गया। तभी दादाजी की नजर गेट पर खड़े शिवम के पापा पर पड़ी। असल में शिवम के पापा ने दोनों के बीच हुई सारी बातें सुन ली थीं। वे सीधे शिवम के कमरे में पहुंच गए। अलमारी से कुछ पेपर्स निकाले, फिर शिवम को दिखाने लगे, 'जब तुम छोटे थे तब तुम्हारी मांसपेशियों में कमजोरी बहुत थी। तुम ठीक समय पर चल नहीं सके थे। तब डॉक्टर ने तुम्हारे पैरों की रोज मालिश और चलने की प्रैक्टिस करने की सलाह दी। मुझे और तुम्हारी मम्मी को तो ऑफिस के काम से फुर्सत ही नहीं मिलती थी। तब तुम्हारे दादा जी ही रेग्युलर तुम्हारे पैरों की मालिश करते थे। तुम्हें घंटों अंगुली पकड़कर चलना सिखाते थे। कमजोर होने के कारण तुम बहुत जल्दी थक जाते थे। इसलिए दादा जी रुक-रुक कर पूरे धैर्य से तुम्हारे साथ लगे रहते थे। सोचो, अगर तुम्हारे गिरने या रुकने से दादा जी भी उसी तरह खीझ जाते, जिस तरह तुम उन्हें मोबाइल के फीचर्स बताते हुए खीझते हो, तो तुम आज कैसे अपने पैरों पर खड़े हो पाते?'

पापा की बात सुनकर शिवम को धक्का लगा। उसे अब अपनी गलती का एहसास हुआ, वह उदास स्वर में बोला, 'सॉरी पापा जी, मुझे दादा जी से इस तरह नहीं बात करनी चाहिए थी।'

'सॉरी मुझे नहीं दादा जी को बोलो' पापा ने कहा।

शिवम फौरन दादा जी के पास दौड़ते हुए पहुंचा और बोला, 'सॉरी दादाजी। आज से आप चाहे जितनी बार मुझे बुला लेना। मैं खुशी से आपको मोबाइल चलाना सिखाऊंगा।'

दादा जी को शिवम के बदले बर्ताव की वजह समझते देर न लगी। उन्होंने फौरन शिवम को अपने गले लगा लिया। *

कविता
राजा चौरसिया



एआई इमेज

# हाथी और मच्छर

पप्पू बोला-बड़े ध्यान से
अपने दोनों कान लगाना।
ये है मच्छर वो है हाथी
अंतर मुझको अभी बताना।
डील-डौल की बात छोड़कर
अंतर कोई और बताओ।
अपनी आज अकल का घोड़ा
जितना दौड़ सके दौड़ाओ।
मुन्नू बोला हाथी, मच्छर
में यह अंतर मेरे साथी।
हाथी को मच्छर काटे पर
मच्छर को ना काटे हाथी।

## जीके क्विज-195

1. हाल ही में केरल राज्य का नाम बदलकर किस नाम का प्रस्ताव किया गया है?
2. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी को यूनाइटेड नेशंस ने 'रोड सेफ्टी के लिए ग्लोबल चैंपियन' चुना है?
3. हाल ही में नीदरलैंड के सबसे युवा प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
4. विश्व गौरैया दिवस कब मनाते हैं?
5. हवाई जहाज के ब्लैक बॉक्स का रंग कैसा होता है?
6. पौधे वायुमंडल से कौन सी गैस अवशोषित करते हैं?
7. मानव शरीर में खून साफ करने का काम किस अंग का है?
8. उड़ने वाले गुब्बारे में कौन सी गैस भरी जाती है?
9. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
10. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-195 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-194 का उत्तर :** 1.चैत्र, 2.राशिद खान, 3.22 मार्च, 4.ओडिशा, 5.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, 6.जमशेदपुर, 7.तांबा और टिन, 8.महेश दास, 9.मत्स्य उत्पादन, 10.हाइड्रोजन

**जीके क्विज-194 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, अनाया-ईमेल से, निखिल-सक्ती, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरोज-रायपुर, केशव-दुर्ग, तमन्ना-बिलासपुर, हर्षित-रोहतक, साकेत-महेंद्रगढ़

## परछाई पहचानो

बच्चो, यहां बाईं तरफ एक बियर (भालू) का चित्र दिया गया है। चित्र के दाईं तरफ कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ, दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?







उत्तर: 3

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक डकलिंग (बतख का बच्चा) अपनी मां से बिछड़ गया है। तुम उसे उसकी मां और भाई-बहनों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



## खबर संक्षेप

### भाई और चाचा पर लगाया मारपीट का आरोप

**बहादुरगढ़।** बादली थाना क्षेत्र के गांव गुभाना में रास्ता रोककर एक व्यक्ति से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने चाचा और चचेरे भाई पर हमला करने और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। आरोपों की सत्यता और हमले की वजह जांच का विषय है। बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वारदात धर्मेंद्र के साथ हुई है। धर्मेंद्र का कहना है कि वह प्राइवेट जॉब करता है और अपनी जमीन पर चाचा के लड़के से किराये पर पानी लगवाता है। गत दो मार्च को मैं ट्यूबवेल चलाने के लिए खेत जा रहा था। रास्ते में चाचा और उसका बेटा मिल गए। रास्ता रोककर उन्होंने गालियां देनी शुरू कर दी। मैंने विरोध किया तो उन्होंने मारपीट शुरू की और पाने से हमला किया। हमले में मुझे चोट आई और वे धमकी देकर चले गए। उधर, बादली पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### जलभराव से प्रभावित किसानों को मिले मुआवजा

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी के अनुसार प्रदेश के सैकड़ों गांवों में आज भी खेत जलमग्न हैं। बीते साल जुलाई अगस्त में हुई बरसात का पानी खरीफ की फसलों को बर्बाद कर चुका है। रबी की फसलों की बिजाई भी नहीं हो पाई। लेकिन आज तक उन किसानों को कोई मुआवजा नहीं मिला है। जिले के गांव छुड़ानी, मातन, खरमाण, मांडौठी, टांडाहेड़ी, मेहंदीपुर डाबोदा, माजरा समेत अन्य गांवों के प्रभावित किसान खाली हाथ हैं। किसानों का आरोप है कि 100 प्रतिशत नुकसान के बावजूद आज तक उन्हें किसी प्रकार का मुआवजा नहीं मिला है। कई जगह क्षतिपूर्ति पोर्टल से गांव का डाटा भी हटा दिया गया है, जिससे उसकी परेशानी बढ़ गई है। संगठन ने जलभराव से बर्बाद हुई फसलों का कम से कम 50-50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग दोहराई।

### 57 हजार 992 किसानों की बनी फार्मर आईडी

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा डिजिटल एग्री स्टैक अभियान को मिशन मोड में लागू किया गया है और सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी भविष्य में कृषि क्षेत्र की एक मजबूत डिजिटल पहचान बनेगी। बिना फार्मर आईडी के किसानों को इन योजनाओं के लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है, इसलिए अधिकारी सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र किसान छूटने न पाए। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक कुल 55 हजार 992 किसानों की डिजिटल एग्री स्टैक फार्मर आईडी तैयार की जा चुकी है।

### बिजली उपभोक्ता फोरम की बैठक आज

**झज्जर।** शुक्रवार को बिजली निगम डिवीजन बेरी के उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए बिजली अदालत और उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी। एसडीओ सुनील कुमार ने बताया कि बैठक में बिजली उपभोक्ताओं की बिजली बिल, कनेक्शन, लोड संबंधित समस्याओं को सुना जाएगा।

### गांव बिरड़ के निकट खराब गाड़ी को देखने नीचे उतरा तो हुआ हादसे का शिकार

# बोलेरो कैंपर गाड़ी की टक्कर से एक युवक की जान गई

मृतक के साथी संजीव की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव बिरड़ के नजदीक हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव छुछकवास निवासी करीब 35 वर्षीय हंसराज पुत्र नवल किशोर के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार हंसराज मूल रूप से कोयलपुर गांव का रहने वाला था और पिछले कई वर्षों से छुछकवास में रह रहा था। वह पिकअप गाड़ी चलाने का काम करता था। जब वह रेवाड़ी जिले के सीहा गांव के मेले से वापस लौट रहा था तो बिरड़ गांव के नजदीक उसकी गाड़ी अचानक बंद हो गई। गाड़ी में आई खराबी को देखने के लिए जब हंसराज गाड़ी से नीचे उतर कर उसे चेक कर रहा था इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलोरो कैंपर गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी, जिसके चलते हंसराज की मौत हो गई। मामले के जांच अधिकारी जगबीर सिंह ने बताया कि मृतक के साथी संजीव की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



झज्जर। मृतक हंसराज का फाइल फोटो, नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो: हरिभूमि

### दो गाड़ियों की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

*झज्जर। रोहतक रोड पर बिरधाना गांव चौक के नजदीक हुई दो गाड़ियों की टक्कर में एक युवकी की मौत हो गई जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान महेंद्रगढ़ जिले के गांव मोहनपुर निवासी राकेश पुत्र नित्यानंद के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई आनंद कुमार ने बताया कि उसका भाई राकेश अपने गांव के साथी विजय पुत्र राजेश व रोहित पुत्र नरेश के साथ उसकी बुलेरो गाड़ी लेकर किसी काम से दुजाना गांव आए थे। उसे शाम करीब सवा छह बजे बिरधाना चौक के नजदीक उसके भाई के एक्सीडेंट की सूचना मिली। जब उसने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मौके पर पहुंच तसल्ली की तो पता चला कि उनकी गाड़ी को सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ब्रेजा गाड़ी ने टक्कर मारी है। एक्सीडेंट में आई गंभीर चोटों के कारण उसके भाई की मौत हो गई जबकि उसके अन्य साथी बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।*



### मंदिर जाते हुए भक्त की सड़क हादसे में मौत

**बहादुरगढ़।** गांव दुल्हेड़ा में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में आरोपी बाइक चालक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान करीब 41 वर्षीय अनिल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अनिल तीन मार्च की देर शाम को घर से आशानंद मंदिर जाने के लिए निकला था। जब मंदिर के निकट पहुंचा तो वह हादसे का शिकार हो गया। बाइक सवार द्वारा उसको टक्कर मारने की बात सामने आई है। राहगीरों ने उसको संभाला और अस्पताल लेकर गए। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान बुधवार की अलसुबह अनिल ने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस पीजीआई पहुंची और परिजनों के बयान लिए। पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नाहरा-नाहरी रोड पर फ्लाईओवर के निकट वीरवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर हालत में पीजीआई रोहतक में भर्ती है। लाइनपार थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान करीब 35 वर्षीय राजेश निवासी बराही के रूप में हुई है, जबकि सुभाष नगर का अरुण घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार, वीरवार की सुबह दोनों बाइक पर सवार होकर दिल्ली जा रहे थे। सुबह करीब साढ़े पांच बजे जब नाहरा-नाहरी रोड पर फ्लाईओवर के निकट पहुंचे तो यहां एक स्कॉर्पियो गाड़ी की चपेट में आ गए। हादसे में दोनों को गंभीर चोट आई। राहगीरों ने उनको संभाला और अस्पताल लेकर गए। चिकित्सकों ने राजेश की मौत की पुष्टि की। वहीं, घायल अरुण को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया।

## न्यूज डायरी



### सीएम ने रेणु सांगवान को दिया गो सेवा सम्मान

**बहादुरगढ़।** गांव खरमाण निवासी रेणु सांगवान को उनकी वर्षों की तपस्या, समर्पण और गोसेवा के प्रति अटूट निष्ठा के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश का प्रतिष्ठित गो सेवा सम्मान प्रदान किया। दरअसल, भटगांव स्थित धर्मार्थ गोशाला में गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज के पावन सान्निध्य एवं आशीर्वाद से एक ऐतिहासिक और भव्य समारोह आयोजित किया गया। इसमें बहादुरगढ़ के गांव खरमाण निवासी रेणु सांगवान को सम्मानित किया गया। इससे पहले भारत की पहली महिला पशुपालक के रूप में उन्हें राष्ट्रीय गोपाल रतन अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम में हरियाणा पशुपालन विभाग के महानिदेशक डॉ. प्रेम सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि रेणु सांगवान गोसंवर्धन, महिला सशक्तिकरण और हरियाणा की समृद्ध गो सेवा परंपरा का प्रेरणादायक एवं ऐतिहासिक उदाहरण है।

### 32वीं वर्षगांठ पर लगाए 32 पौधे



**बहादुरगढ़।** क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट सहित विभिन्न संस्थाओं से जुड़े शहर के निवासी अजीत गोयल ने अपनी शादी की 32वीं सालगिरह पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाई। ट्रस्ट के सदस्यों के साथ मिलकर उन्होंने 32 फलदार पौधे लगाकर समाज में प्रेरक संदेश दिया। ट्रस्ट सदस्यों की मानें तो अजीत गोयल के सहयोग से अब तक 50 से अधिक त्रिवेणी शहर में लगाई जा चुकी हैं। इसके अलावा गोयल सार्थक सेवा समिति के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को नोटबुक, जूते-जुराब वितिरत करने में भी मदद करते हैं। रोबिन हुड आर्मी के साथ मिलकर जरूरतमंदों को खाना उपलब्ध कराते हैं। ऐसे लोगों की उर्जा से समाज को प्रेरणा मिलती है।

### एसडीएम ने सुनीं समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं



**बेरी।** वीरवार को उपमंडल बेरी में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने लोगों की शिकायतों और समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बन गए हैं, जिनसे नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। शिविर में बिजली, पानी, सड़क, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व संबंधी मामले, पंचायत भूमि, पेड़ों की अवैध कटाई, अवैध कब्जे, बीपीएल व राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन तथा परिवार पहचान पत्र जैसी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें दर्ज की गई।

### रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर प्रतिबंध

**झज्जर।** जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए जिला की सीमा में रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने तथा दिन के समय वाहनों व ट्रैक्टरों पर स्पीकर लगाकर तेज ध्वनि में गाने बजाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। इसके अतिरिक्त कई नागरिक ट्रैक्टरों या अन्य वाहनों पर बड़े-बड़े स्पीकर लगाकर तेज आवाज में गाने बजाते हुए चलते हैं, जिससे छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं व पशुओं को परेशानी होती है। साथ ही इससे झगड़े की स्थिति उत्पन्न होने और कानून एवं व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना भी बनी रहती है। यदि कोई व्यक्ति इन आदेशों की अवहेलना करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### रास्ता रोककर युवक व परिजनों के साथ मारपीट

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव बिरोहड़ में रास्ता रोक कर एक युवक के साथ मारपीट की गई है। पुलिस को दी शिकायत में बिरोहड़ गांव निवासी प्रवीण कुमार ने बताया कि वह बुधवार की शाम करीब पांच बजे सब्जी खरीदने के लिए अपनी बाइक पर सवार को गांव के बस स्टैंड जा रहा था तो गांव के ही मनीष नामक युवक ने उसका रास्ता रोक लिया। उसने लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार किया जिस कारण वह बाइक सहित जमीन पर गिर गया। प्रवीण का आरोप है कि इसके बाद आरोपी मनीष और उसके साथियों ने भी उसके साथ मारपीट की। झगड़े का पता चलने पर जब उसकी भाई, पिता व चचेरा भाई व भतीजा उसे छुड़ाने पहुंचे आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट व गाली-गलौच की। इस झगड़े में उसे, उसके पिता सुरेश, भाभी मीरा, चचेरे भाई सोमबीर व भतीजे मोनू को भी चोटें आई जिन्हें पहले उपचार के लिए सीएचसी जमालपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी स्थानीय नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस द्वारा पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बार काउंसिल चुनाव को लेकर प्रशासन की तैयारियां तेज

■ झज्जर में दो व बहादुरगढ़ में एक मतदान केंद्र पर होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के चुनाव के मद्देनजर डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव प्रक्रिया को सुचारू, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि एडीसी जगनिवास को चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं के समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में बार काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा के चुनाव 18 मार्च को आयोजित किए जाएंगे। चुनाव के लिए जिला न्यायालय परिसर झज्जर में दो तथा बहादुरगढ़ न्यायालय परिसर में एक सहित कुल तीन मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों, बैलेट बॉक्स और चुनाव सामग्री की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। साथ ही 16 मार्च को चुनाव सामग्री चंडीगढ़ से लाने तथा मतदान के बाद 18 मार्च को सील्ड बैलेट बॉक्स पुनः चंडीगढ़ में जमा करवाने के दौरान भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



झज्जर। बार काउंसिल चुनाव को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल। फोटो: हरिभूमि

### वेल्डिंग व मोटर वाइडिंग की दुकान से सामान चोरी

झज्जर। शहर के तहसील रोड स्थित एक वेल्डिंग, सबमर्सिबल और मोटर वाइडिंग की दुकान से करीब दस हजार रुपये के सामान चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। बुधवार शाम करीब पांच बजे हुई यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में भी कैद हुई है। सीसीटीवी फुटेज में तीन संदिग्ध व्यक्तियों की परछाई दिखाई दे रही है। पीड़ित मिस्त्री बलराज ने बताया कि वह पुराना तहसील रोड की एक दुकान में वेल्डिंग, समर्सिबल और मोटर वाइडिंग का काम करता है। वह शाम को अपनी दुकान का शटर बंद करके एक ग्राहक की शिकायत को ठीक करने चला गया था। जब वह वापिस दुकान पर लौटा तो उसकी दुकान का सामान अस्त-व्यस्त था। इसके बाद जब उसने सीसीटीवी फुटेज चेक की तो तीन संदिग्ध लोग दुकान के आसपास घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में भी तीन लोगों की परछाई तो साफ दिखाई दे रही है, लेकिन कैमरे की दूरी और रोशनी कम होने के कारण उनके चेहरे साफ रूप से नजर नहीं आ रहे हैं। पीड़ित के अनुसार उसका वेल्डिंग का सामान और सबमर्सिबल बांधने का उपकरण चोरी हुआ है जिससे उसका करीब दस हजार रुपये का नुकसान हुआ है।



## होली पर अस्पताल में मारपीट में घायलों के 54 केस पहुंचे : सीएमओ

झज्जर। होली व दुल्हेंडी पर्व पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। सिविल सर्जन डॉक्टर मंजू कादियान बताया कि होली के अवसर पर नागरिक अस्पताल झज्जर एवं नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ सहित जिले के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष रूप से आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था रखी गई थी और चिकित्सा स्टाफ को अलर्ट मोड पर तैनात किया गया था। इस दौरान नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ में कुल 205 मरीज आपातकालीन विभाग में पहुंचे, जिनमें 2 मरीज मृत अवस्था में लाए गए तथा 23 मामलों में मारपीट से संबंधित दर्ज किए गए। सामान्य दिनों में यहां औसतन 110–120 मरीज प्रतिदिन आपातकालीन विभाग में आते हैं। नागरिक अस्पताल झज्जर में 4 मार्च सुबह 8 बजे से 5 मार्च शाम 8 बजे तक कुल 182 मरीजों को आपातकालीन सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान 31 एमएलसी केस दर्ज किए गए, जिनमें अधिकतर मारपीट से संबंधित थे।



डॉ. मंजू कादियान, सिविल सर्जन

### झगड़ों और दुर्घटनाओं में दुलेंडी पर कई लोग घायल

बहादुरगढ़। दुल्हेंडी के मौके पर शहर और आसपास के क्षेत्रों में कोई बड़ी आपराधिक वारदात तो सामने नहीं आई, लेकिन झगड़ों और खेल के दौरान हुई दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ लाया गया, जिनमें से कुछ रेफर किए गए। दरअसल, रंगों के इस पावन पर्व पर जबरन रंग लगाने या अन्य कारणों से अक्सर लोगों में विवाद पनप जाता है। वहीं नशे के कारण भी कई दुर्घटनाएं और झगड़े हो जाते हैं। इस बार भी दुल्हेंड़ी पर कई जगह झगड़ों और दुर्घटनाओं में लोग चोटिल हुए। नागरिक अस्पताल में सुबह से ही घायलों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। डॉक्टरों ने सभी का प्राथमिक उपचार किया, जबकि गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को बेहतर इलाज के लिए पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। दिनभर स्वास्थ्यकर्मी व्यस्त रहे।दूसरी ओर पुलिस को अलग-अलग क्षेत्रों से झगड़े और मारपीट की काफी शिकायतें मिली हैं। अकेले सिटी कथाने में चार शिकायतें आई हैं। किसी ने खुद के ही परिजनों तो किसी ने पड़ोसी के खिलाफ शिकायतें दीं।

### होटल के साथ खड़े ट्राले का हार्स चोरी

**झज्जर।** एक होटल के साथ खड़े ट्राले का हार्स चोरी हो गया तो ट्राला मालिक द्वारा पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में जिले के गांव शाहपुर निवासी विजय कुमार ने बताया कि उसके पास पांच ओपन ट्रेलर है जिसमें से एक ओपन ट्रेलर पर गिजाड़ौद निवासी ललित कुमार चालक के तौर पर कार्यरत है। वीरवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे उसके चालक ललित कुमार ने बुधवार की रात एक से डेढ़ बजे के बीच ट्राले से हार्स चोरी होने की सूचना दी। जब उसने मौके पर जाकर देखा तो उसके ट्राले से हार्स चोरी हो चुका था और ट्राली वहीं खड़ी थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार जांच शुरू कर दी है।

### आरईडी स्कूल छुछकवास के विद्यार्थियों ने नेशनल साइंस ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन किया

# नेशनल साइंस ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

आरईडी स्कूल छुछकवास के विद्यार्थियों ने नेशनल साइंस ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। सभी विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में तीसरी कक्षा से 3, पांचवीं से 1, छठी से 5, सातवीं से 1, आठवीं से 1, नौवीं से 1 तथा दसवीं से 3 विद्यार्थी शामिल रहे। संस्था निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर जिज्ञासा और परिश्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य सुनील कादियान ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों की वैज्ञानिक सोच और प्रतिभा को निखारने का उत्तम माध्यम हैं।



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित ओलंपियाड के उत्तीर्ण विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### खिलाड़ियों ने नई तकनीक सीखकर पास किया बेल्ट टेस्ट



**बहादुरगढ़।** कबाड़ी मार्केट के निकट स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर चौपाल में झज्जर जिला कूडो एसोसिएशन द्वारा कूडो मार्शल आर्ट्स के आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर व बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों ने विभिन्न तकनीक सीखीं व परीक्षा पास कर नई बेल्ट प्राप्त की। एसोसिएशन के मुख्य प्रशिक्षक एवं अध्यक्ष तथा रेंशी हेमंत शर्मा ने खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान कूडो की तकनीकों, आत्मरक्षा के व्यावहारिक तरीकों और अनुशासन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कोच दीपक सहरावत ने बताया कि बेहतर प्रदर्शन के बल पर भविष्य दीक्षित ने ब्लू बेल्ट, रोहित जून, आश्मी दलाल ने ग्रीन बेल्ट, कुलबीर, यश, अर्जुन, प्रिंस, मुकुल, कुणाल व अनीश ने ऑरेंज बेल्ट का टेस्ट पास किया है।

### विधायक ने नांदल के लिए मांगा समर्थन

**बहादुरगढ़।** राज्यसभा सीट के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने वाले रोहतक निवासी सतीश नांदल को समर्थन देने के लिए बहादुरगढ़ से निर्दलीय विधायक राजेश जून ने सभी राजनीतिक दलों के विधायकों से अपील की है। सभी दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर नांदल के पक्ष में मतदान करें। राज्यसभा चुनाव में तीसरे प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरते समय सतीश नांदल के साथ विधायक राजेश जून मौजूद रहे। नामांकन प्रक्रिया के उपरांत राजेश जून ने इनेलो, कांग्रेस और भाजपा के विधायकों से अपील करते हुए कहा कि वे हरियाणा के हितों को ध्यान में रखते हुए सतीश नांदल को राज्यसभा भेजने में सहयोग करें। नांदल हरियाणा के हकों और हितों की आवाज मजबूती से उठा सकेंगे। विधायक जून, विधायक देवेंद्र कादयान और सावित्री ने सभी दलों के विधायकों से आग्रह किया कि वे पार्टी लाइन से ऊपर उठकर प्रदेश के हित में मतदान करें।

**सूचना**

मैं, संदीप पुत्र सुरेश यह बयान करता हूं कि मेरा गन लाइसैंस नं. DMK/326/H-9/ ARMS गुम हो गया है। मैं यह सभी अधिकारियों के संज्ञान में डालना चाहता हूं।

**NOTICE**

I, Hitesh S/o Sunil Kumar R/o Majra Teh. Beri, Distt. Jhajjar, Haryana declare that I have lost my Arms Licence No. 980/ DMR/ ARMS at Rohtak Bus Stand on 26.02.2026.

## खबर संक्षेप

### सेक्टर 16 से वेल्डर का मोबाइल चोरी

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-16 में स्थित एक प्लॉट से एक व्यक्ति का मोबाइल चोरी हो गया। उसने पुलिस को शिकायत दे दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात बिहार मूल के प्रमोद के साथ हुई है। प्रमोद का कहना है कि वह यहां ओमेक्स के निकट रहता है और पेशे से वेल्डर है। इन दिनों सेक्टर-16 में स्थित एक प्लॉट में वेल्डिंग कार्य कर रहा है। काम करते वक्त उसने अपना मोबाइल लोहे के रैक पर रख दिया था। कुछ देर बाद देखा तो मोबाइल नहीं मिला। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। पुलिस तलाशने में मदद करे।

### लूट की फर्जी सूचना पर दौड़ी पुलिस

**बहादुरगढ़।** वीरवार को दिनदहाड़े लूट की सूचना पर पुलिस दौड़ पड़ी। काफी देर की मशक्कत और जांच के बाद सूचना फर्जी निकली तो पुलिस ने राहत की सांस ली। दरअसल, दोपहर को सूचना जारी हुई कि जींद जिले का नबी शेर खान ई रिक्शा खरीदने के लिए रोहतक गया था। वहां नहीं मिली तो वह ऑटो के जरिये आसौदा के निकट केएमपी पुल के नीचे उतरा। इसी दौरान बाइक सवार शातिर उससे 2 लाख रुपये छीन ले गए। इस कथित सूचना पर पुलिस हरकत में आई। आसौदा थाना, सीआईए आदि टीमें मौके पर पहुंची। मामले में जांच और शिकायतकर्ता के बयान पुलिस को संदिग्ध नजर आए। पूछताछ के दौरान तस्वीर खुल गई और लूट की सूचना झूठी मिली।

### भक्ति संगीत कार्यक्रम में गायकों ने किया बाबा की महिमा का गुणगान

# बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, पंखे चढ़ा मांगी खुशहाली

बाबा के सजे भव्य दरबार को देखकर श्रद्धालु गदगद हो गए और बाबा के भजनों पर खूब झूमते दिखाई दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

दुल्हेंडी पर्व पर बुधवार को नगर खेड़ा बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ा। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु अपने परिवार सहित बाबा के दर्शनों के लिए पहुंचे। बाबा के सजे भव्य दरबार को देखकर श्रद्धालु गदगद हो गए और बाबा के भजनों पर खूब झूमते दिखाई दिए। श्रद्धालु मनीष बंसल, राजकुमारी, राम अवतार गहलौत ने बताया कि बाबा की महिमा अपरंपार है। सच्चे मन से जो बाबा की भक्ति करता है, बाबा सदा उनकी रक्षा करता है और परिवार में सुख समृद्धि देता है। उन्होंने बताया कि मंदिर में आने पर जहां मन में शांति मिलती है, वहीं असीम आनंद भी अनुभूति होती है।

बुधवार सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचना शुरू हो गए। पंखा चढ़ाने व बाबा के दर्शन का सिलसिला देर रात करीब दस बजे तक चलता रहा। इस मौके पर भक्ति संगीत कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें गायकों ने मेला बाबा का लगता है हर साल .., बाबा की कृपा जिस पर हो जाए भक्ति को पाए मौज उड़ाए, बाबा की चौखट पे झुकता जमाना भजनों पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए और अपने आपको नाचने से नहीं रोक सके। देर सायं तक श्रद्धालु बाबा के भजनों पर झूमते रहे। इस दौरान भगवान शिव पार्वती, राधा कृष्ण भगवान की आर्कषक झांकियां भी निकाली गईं।





झज्जर। बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ व प्रसाद गिरी के दर्शन के लिए कतारबद्ध खड़े श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### पंखों के साथ एसी व कूलर भी चढ़ाए जाते हैं

बता दें कि दुल्हेंडी के दिन बाबा प्रसाद गिरी की समाधि पर पंखे चढ़ाने की अनोखी परपंरा है। मनोकामना पूर्ण होने पर प्रतिवर्ष बाबा की समाधि पर सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा पंखे चढ़ाए जाते हैं। पहले जहां चमकीले कागज, गत्ते व कपड़े की कारीगरी के आकर्षक पंखे चढ़ाए जाते थे, वहीं समय में आए बदलाव के साथ ही अब बिजली के पंखों ने इनका स्थान ले लिया है। पिछले कुछ वर्षों से श्रद्धालुओं द्वारा सीलिंग फेन, कूलर व एसी चढ़ाने का सिलसिला चल पड़ा है। मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए मंदिर कमेटी के स्तर पर पुख्ता इंतजाम किए गए। बाबा की समाधि तक जाने के लिए बेरिगेड्स लगाए गए, जिससे श्रद्धालुओं ने बिना परेशानी के दर्शन किए।

# लुहारहेड़ी में बाबा दुग्धाहारी मंदिर पर लगाया भंडारा

**बहादुरगढ़।** गांव लुहारहेडी स्थित बाबा दुग्धाहारी मंदिर में वार्षिक भंडारा आयोजित किया गया। विधायक राजेश जून के चंडीगढ़ में व्यस्त होने के कारण कार्यक्रम में उनके प्रतिनिधि प्रदीप तहलान बिट्टू ने शिरकत की। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। महात्मा श्री किशन दास जी दुग्धाहारी के 153वें जन्मदिन पर वीरवार सुबह पहले हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। प्रदीप तहलान बिट्टू ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही विधायक राजेश जून की ओर से मंदिर कमेटी को 11 हजार रुपये की धनराशि दान स्वरूप भेंट की। उन्होंने कहा कि जो भी भक्त सच्चे मन से बाबा दुग्धाहारी महाराज की पूजा-अर्चना करता है, बाबा उसके जीवन के सभी दुख दूर कर उसे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं।



बहादुरगढ़। प्रदीप तहलान बिट्टू को स्मृति चिहन देते मंदिर कमेटी सदस्य। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। बाबा हरिदास के समक्ष शीश नवाते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। टांडाहेड़ी के पवित्र तालाब में स्नान करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### तालाब में स्नान कर मांगी मन्नत

# टांडाहेड़ी के हरिदास मंदिर में लगा मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव टांडाहेड़ी के बाबा हरिदास मंदिर के प्रांगण में होली के अवसर पर मेले व भंडारे का आयोजन किया गया। इसकी तैयारियों को लेकर मंदिर कमेटी के सदस्य कई दिनों से जुटे हुए थे। विदित है कि होली व दशहरे पर बाबा हरिदास मंदिर में हर वर्ष मेले का आयोजन किया जाता है। होली के मौके पर टांडाहेड़ी गांव में बाबा हरिदास मंदिर के प्रांगण में आयोजित मेले में असंख्य श्रद्धालुओं ने पवित्र तालाब में स्नान किया और परिक्रमा की। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए मंदिर कमेटी ने बेहतरीन व्यवस्था की थी। यहां टांडाहेड़ी ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र से भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में मत्था टेकने के उपरांत पवित्र तालाब में स्नान करते हैं। यह तालाब पहले कच्चा था, जिसे श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए कुछ वर्ष पहले पक्का बनाया गया था। शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने पवित्र तालाब में स्नान के बाद बाबा हरिदास की ज्योत जलाई और मन्नत मांगी। मेले के दौरान लगे भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका।

# क्लीन एंड ग्रीन एसोसिएशन के सदस्यों ने मिट्टी से होली खेली



बहादुरगढ़। महिलाओं पर पानी फेंकते पुरुष। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। पिचकारी में पानी भरते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- कॉलोनी, गली व बाजारों में सुबह से लेकर दोपहर तक खूब गुलाल उड़ा

रंगों का त्योहार होली बहादुरगढ़ में पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। बुधवार को सारा दिन होली की मस्ती में डूबे लोगों ने जमकर धमाल मचाया। कॉलोनी, गली व बाजारों में सुबह से लेकर दोपहर तक खूब गुलाल उड़ा। वहीं क्लीन एंड ग्रीन एसोसिएशन द्वारा मिट्टी से होली खेली गई।

दुल्हंडी पर लोगों ने एक दूसरे को बधाई देकर अबीर गुलाल व रंगों से सराबोर किया। त्योहार की मस्ती में डूबे लोगों की हंसी, ठिठोली से वातावरण रंगीन बन गया। दिन निकलते ही बच्चे घरों से निकल पड़े और एक दूसरे पर पिचकारियों की बौछार शुरू कर दी। म्यूजिक सिस्टम की खनक पर युवा वर्ग थिरकता नजर आया। शहर से लेकर गांवों में लोगों ने होली के त्यौहार का जमकर आनंद उठाया। परंपरा के अनुसार गांवों में देवरों ने भाभियों पर पानी फैंका तो उन्होंने खूब कोड़े मारे। वहीं क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के सदस्यों ने मिट्टी से होली खेली। धरती व पर्यावरण से प्रेम का संदेश भी दिया। कई स्थानों पर होली पर्व के समारोहों का भी आयोजन किया गया।




बहादुरगढ़। काव्योत्सव में भाग लेने वाले क्षेत्रीय रचनाकार। फोटो : हरिभूमि

# बैंक कॉलोनी में 15 कवियों ने काव्योत्सव में जमाया रंग

**बहादुरगढ़।** हरियाणवी कवि जगबीर कौशिक के जन्मदिन पर बैंक कॉलोनी में भव्य काव्योत्सव हुआ। अपना काव्य मंच की संयोजिका रजनीश द्वारा नित्यानंद नवीन के सानिध्य में क्षेत्र के 15 कवियों ने अपनी रचनाएं सुनाईं। कार्यक्रम का मंच संचालन कलमवीर कृष्ण गोपाल विद्यार्थी ने किया। इसमें डॉ. मनजीत भारतीय, शिव ओम शिव, विरेंद्र कौशिक, राजकुमार गाइड, वेद भारती, अर्चना झा, सुरेश कौशिक, संदीप शर्मा बावरा, मोहित कौशिक, कौशल समीर, मुकेश व्यास व मुन्ना दिल्लेरी आदि कवियों ने अपनी कविताओं का पाठ किया। कवियों और साहित्यकारों ने हास्य, श्रंगार व ओजपूर्ण रचनाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अतिथि कवियों को अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया गया। जगबीर कौशिक ने भी कुछ रचनाएं सुनाईं।

# आज बिरज में होली रे रसिया भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को किया भाव विभोर

*बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में 293वें सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। होली के रंग कान्हा के संग शीर्षक से आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने मिलकर होली के रंगों में भक्ति और प्रेम का अनुभव किया। कार्यक्रम में सुंदरकांड वाचक योगेश रंजन, देवेश शर्मा, ताराचंद भूटानी, राजेंद्र वधवा, भारत भूषण नंदा, रमेश लखेरा, केवल अरोड़ा, अनिल छाबड़ा, प्रिंस सेठी, सुमन वधवा, प्रिया तनेजा, वीना वर्मा, सीमा तनेजा, नारायणी सरदाना, हिमांशी अरोड़ा, बिशन वधवा आदि ने संगीतमयी श्रीसुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया। भारत भूषण नंदा, राजेंद्र वधवा ने रंग लेके खेलते गुलाल लेके खेलते, राधा संग होली नंदलाल खेलते.., योगेश रंजन ने...आज बिरज में होली मेरे रसिया, ताराचंद भूटानी ने मेरी चुनरी में पड़ गयो दाग री केसों चटक रंग डारों..भजन की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। इस मौके पर पदम खट्टर, वेद बहल पाशु, प्रदीप काठपालिया, वंशु वर्मा, सक्षम वर्मा, राघव रंजन, शिवम तनेजा, जय प्रकाश गुप्ता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### युवाओं ने जमकर उड़ाया गुलाल

**झज्जर।** बुधवार को दुल्हेंडी पर्व के चलते लोगों ने जमकर गुलाल उड़ाया। बच्चों-बड़े यहां तक की बुजुर्गों ने भी दुल्हेंडी पर्व का खूब आनंद उठाया। अलसुबह ही बच्चे घरों से निकल कर हाथों में रंग व पिचकारी लिए हुए लोगों पर पानी व रंग उडेलते दिखाई दिए। दिनभर रंग-बिरंगे रंगों में सने युवाओं के चेहरे मस्ती करते नजर आए। व्यक्तियों ने अपने घर के बुजुर्गों के पैरों में गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। घर की महिलाओं द्वारा स्वादिष्ट व्यजंन बनाए गए। इसके अलावा कई जगहों पर देवर-भाभी के बीच पानी व कोरड़ों से खेली जाने वाली होली भी खेली गई। जिसमें महिलाएं पानी बरसाने वालों पर कपड़ों से बनाए गए कोरडे और डंडे बरसाती नजर आइं। पूरे दिन गर्मी का माहौल रहा जहां पानी से होली खेलने में युवाओं ने आनंद उठाया।



झज्जर। दुल्हेंडी पर्व पर मस्ती करते हुए युवा। फोटो : हरिभूमि

# बीते हुए को भूलकर नई उमंग से जीना ही होली का सही अर्थ : बीके अंजलि

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बहादुरगढ़ की सभी शाखाओं में होली का त्योहार मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बहादुरगढ़ की सभी शाखाओं में होली का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंडीगढ़ से न्यायाधीश डॉ. परीक्षित सिंह ने शिरकत की। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे 8वीं कक्षा से मेडिटेशन करते हैं। उनकी मां विष्णु बहन से प्रेरित होकर वे राजयोग का अभ्यास करते हैं।

अग्रवाल कॉलोनी सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका बीके अंजलि दीदी ने सभी को होली का आध्यात्मिक रहस्य बताया। उनके अनुसार होली अर्थात जो बीता उसे भूल कर एक नई उमंग उत्साह से जीवन को जीना। सेक्टर-2 सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका बीके विनीता दीदी ने कहा कि सभी त्योहारों की आध्यात्मिक गहराई को समझते हुए उन्हें मनाना चाहिए। हमें त्योहारों की गरिमा को बनाकर रखना है। बहुत ही शुद्ध और पवित्र तरीके से इन त्योहारों को मनाना है। सेक्टर 13 सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका बीके रेणु दीदी ने बताया कि सबसे पहले हमें उसे परमात्मा को अपने स्नेह अपनी भावना का गुलाल लगाना है, जिससे उसे परमपिता परमात्मा का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे। नई बस्ती सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका बीके अमृता दीदी ने सभी को राजयोग का अभ्यास कराया। कुमारी जानवी ने नृत्य प्रस्तुत किया। विनोद, राजकुमार व विभूति भाई ने सुंदर गीत गाए। बीके प्रीति बहन, रूबी बहन, दीपा बहन, ममता बहन सुरेंद्र भाई, सुरेश भाई व रविंद्र भाई आदि ने होली का त्योहार मनाया।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम के दौरान मंचासीन ब्रह्माकुमारियां। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। इस्कॉन मंदिर में आयोजित कीर्तन में मौजूद श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### इस्कॉन मंदिर में चैतन्य चरितामृत का पाठ किया

**बहादुरगढ़।** लाइनपार स्थित इस्कॉन मंदिर में गौर पूर्णिमा के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ईश्वर के दर्शन, भजन-कीर्तन, कथा और अभिषेक समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। चंद्र ग्रहण के कारण मंदिर प्रशासन द्वारा पूर्व निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी कार्यक्रम संपन्न कराए गए। दर्शन शाम छह से सात बजे तक बंद रखे गए, जबकि अन्य मंदिर कार्यक्रम यथावत चलते रहे। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ कीर्तन में भाग लिया और चैतन्य चरितामृत का पाठ भी किया गया। चंद्र ग्रहण समाप्त होने के बाद सात बजे मंदिर में श्री विग्रहों का विधि-विधान से अभिषेक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का विशेष वातावरण देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

### नूना माजरा व सराय औरंगाबाद क्षेत्र का एसडीएम ने किया दौरा

# प्लास्टिक वेस्ट खुले में इकट्ठा करने पर दिए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एसडीएम अभिनव सिवाच वीरवार को गांव नूना माजरा का अधिकारियों के साथ दौरा कर क्षेत्र में अवैध रूप से बनाए गए वेस्ट प्लास्टिक भंडारण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने मौके पर ही वेस्ट प्लास्टिक भंडारण के कार्य को तुरंत प्रभाव से बंद करने के कड़े निर्देश दिए।

गांव नूना माजरा क्षेत्र में बनाए गए वेस्ट प्लास्टिक भंडारण स्थलों को लेकर एसडीएम अभिनव सिवाच ने ग्राम सरपंच की मौजूदगी में संबंधित व्यक्तियों को पंचायती राज अधिनियम के तहत कड़ी हिदायत जारी की। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर इन स्थलों से वेस्ट प्लास्टिक को हटाया जाए और भविष्य में इस प्रकार का भंडारण पूरी तरह बंद किया जाए, ताकि क्षेत्र का पर्यावरण स्वच्छ और सुरक्षित बना रहे। अवैध रूप से प्लास्टिक कचरे का भंडारण न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि इससे आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। प्रशासन ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा। एसडीएम अभिनव सिवाच ने क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि उनके गांव में किसी भी भूमि पर अवैध रूप से वेस्ट प्लास्टिक का भंडारण न किया जाए। भविष्य में यदि कहीं भी वेस्ट प्लास्टिक का अवैध भंडारण पाया गया तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर बीडीपीओ सुरेंद्र खत्री, सरपंच राकेश राठी और सरपंच मास्टर जय भगवान आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते एसडीएम अभिनव सिवाच। फोटो : हरिभूमि

# प्राचीन काल से हमारे जीवन में रचा बसा है फाग उत्सव : राजेंद्र दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गांव माजरा डी स्थित तपोभूमि जटेला धाम में मनाए गए फाग उत्सव में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंच कर संत महात्माओं का आशीर्वाद लिया। जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास ने साध-संगत को संबोधित करते हुए कहा कि फाग का खेल प्राचीन काल से ही हमारे लोक जीवन में रचा बसा है।

नितानंद महाराज ने भी अपने गुरु गुमानी दास के आदेश से जटेला धाम में अध्यात्म की होली खेली थी। फाग उत्सव में विशेष रूप से उपस्थित कुंवर सिंह महाराज ने कहा कि सामाजिक समरसता और आरोग्य का जटेला धाम ही सबसे बड़ा उपासना स्थल है। रामानंद महाराज ने कहा कि जटेला धाम अब भविष्य में अध्यात्म की राजधानी के साथ-साथ आयुर्वेद चिकित्सा का भी पूजनीय धाम बनेगा। साध्वी राधागिरी महाराज ने मातृशक्ति को भी परोपकार के कार्य में आगे आने का आह्वान किया। स्वामी कल्याण देव महाराज ने कहा कि संत नितानंद जनकल्याण का महा अनुष्ठान रचित करके चले गए, जो सत्य सिद्धांत प्रकाश में विद्यमान है।




झज्जर। फाग उत्सव के दौरान मंच पर उपस्थित संत-महात्मा। फोटो : हरिभूमि